KHAN GLOBAL STUDIES
Most Trusted Learning Platform
KHAN SIR

Weekly Test

100 Que.

KHAN GLOBAL STUDIES
Most Trusted Learning Platform
+91 875 735 4880 www.khanglobalstudies.com

1. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है?
(a) भारतीय संविधान अध्यक्षात्मक है
(b) भारत एक नाममात्र का राजतंत्र है
(c) भारत एक कुलीन तंत्र है
(d) भारत एक संसदात्मक प्रजातंत्र है।

2. 1935 के भारत सरकार अधिनियम की निम्नलिखित में से कौन सी एक प्रावधान नहीं है-
(a) केंद्र में साथ ही साथ राज्यों में द्वैध शासन
(b) द्विसदनी विधानमंडल
(c) प्रांतीय स्वायत्तता
(d) एक अखिल भारतीय संघ

3. निम्नलिखत में से कौन एक सुमेलित नहीं हैं?
भारतीय संविधान के अंग तथा उनके स्रोत-
(a) संरचनात्मक स्वरूप - 1935 का भारत सरकार अधिनियम
(b) मौलिक अधिकार - अमेरिकन बिल ऑफ राइट्स
(c) केन्द्र-राज्य सम्बन्ध - कनाडा का संविधान
(d) राज्य के नीति निर्देशक तत्व - ब्रिटिश संविधान

4. केंद्र एवं राज्यों के बीच वैधानिक शक्तियों का बंटवारा दिया हुआ है।
(a) पांचवीं अनुसूची (b) छठी अनुसूची
(c) सातवीं अनुसूची (d) आठवीं अनुसूची

5. किस वाद ने संसद में मौलिक अधिकारों में संशोधन का अधिकार दिया:
(a) केशवानन्द भारती वाद
(b) राजनारायन बनाम इंन्दिरा गाँधी वाद
(c) गोलकनाथ वाद
(d) सज्जन कुमार वाद

6. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
कथन (A): संविधान के अनुच्छेद 32 को डॉ. अम्बेडकर ने इसकी आत्मा कहा था।
कारण (R): अनुच्छेद 32, मौलिक अधिकारों के अतिक्रमण के विरुद्व प्रभावी उपचार का प्रावधान करता है।
नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए:
(a) (A) तथा (R) दोनों ही सही हैं और (A) का सही स्पष्टीकरण (R) है।
(b) (A) तथा (R) दोनों ही सही हैं किन्तु (A) का सही स्पष्टीकरण (R) नहीं है।
(c) (A) सही है, किन्तु (R) गलत है
(d) (A) सही है, किन्तु (R) सही है

7. भारत के संविधान के निम्नलिखि में से किस/किन उपबन्ध/उपबन्धों को भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम द्वारा पूराकिया गया है?
1. मूल अधिकार 2. मूल कर्तव्य
3. राज्य के नीति निदेशक तत्त्व
नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:
कूट:-
(a) 1, 2 और 3 (b) केवल 1 और 3
(c) केवल 3 (d) केवल 1 और 2

8. निम्नलिखित में से कौन-से कथन, भारत के राष्ट्रपति के निर्वाचन के बारे में सही है?
1. वह अप्रत्यक्ष रूप से निर्वाचित होता है।
2. उसका निर्वाचन सभी निर्वाचित संसद सदस्यों और विधानसभा सदस्यों से मिलकर बने निर्वाचक मण्डल द्वारा होता है।
3. यह प्रत्यक्ष रूप से निर्वाचित होता है।
4. राष्ट्पति के निर्वाचन में विधान परिषद् के सदस्यों के पास मत देने का अधिकार नहीं है।
नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए
(a) केवल 1 और 2 (b) 1, 2 और 4
(c) केवल 1 और 4 (d) केवल 3 और 4

9. भारतीय संविधान के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
1. संघीय मन्त्रिपरिषद लोक सभा के प्रति सामूहिक रूप से उत्तरदायी होगी।
2. संघ के मंत्री, प्रधान मंत्री के प्रसादपर्यन्त अपने पद धारण करेंगे।
(a) केवल 1 सही है (b) 1 और 2 दोनों सही हैं
(c) न तो 1 न 2 सही है (d) केवल 2 सही है

10. निम्नलिखित में से कौन-सा राज्यपाल की शक्तियों से संबंधित नहीं है?
(a) राजनयिक और सैन्य शक्तियाँ
(b) महाधिवक्ता की नियुक्ति की शक्ति
(c) राज्य विधान सभा को आहूत (समन) करना, स्थगित करना और भंग करना
(d) दंडों के लिए क्षमा, प्रविलंबन, विराम अथवा परिहार प्रदान करने की शक्ति

11. निम्न में से कौन अपने पद की शपथ नहीं लेता ?
(a) राष्ट्रपति (b) उपराष्ट्रपति
(c) स्पीकर (d) प्रधानमंत्री

12. किस संशोधन से 'समाजावाद, धर्मनिरपोक्षता' और 'राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता' शब्द भारतीय संविधान में जोड़े गए थे?
(a) 42वां संशोधन (b) 44वां संशोधन
(c) 52वां संशोधन (d) इनमें से कोई नहीं

13. निम्नलिखत में से कौन अन्तर्राज्य परिषद् गठन करने के लिए अधिकृत है?
(a) संसद (b) राष्ट्रपति
(c) लोक सभा के अध्यक्ष (d) प्रधानमंत्री

14. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

कथन (A): भारत का राष्ट्रपति संसद द्वारा स्वीकृत किसी भी विधेयक को सदनों के पुनर्विचार के लिए लौटा सकता है।

कारण (R): राष्ट्रपति धन विधेयक को संसद के पुनर्विचार के लिए नहीं भेज सकता।

उपर्युक्त के संदर्भ में, निम्न में से कौन एक सही है?

(a) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही स्पष्टीकरण है (A) का।
(b) (A) और (R) दोनों सही हैं किन्तु (R) सही स्पष्टीकरण नहीं है (A) का।
(c) (A) सही है, किन्तु (R) गलत है
(d) (A) गलत है, किन्तु (R) सही है

15. भारत मे राज्य के राज्यपाल के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?
(a) राज्यपाल की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है
(b) राज्यपाल को राज्य विधान मण्डल द्वारा हटाया जा सकता है
(c) राज्यपाल राज्य विधान मण्डल का अंग है
(d) राज्यपाल अपनी इच्छानुसार किसी समय त्यागपत्र दे सकता है

16. किसी बिम्ब का वास्तविक तथा समान साइज का प्रतिबिम्ब प्राप्त करने के लिए बिम्ब को उत्तल लेन्स के सामने कहाँ रखें-
(a) लेन्स के मुख्य फोकस पर
(b) फोकस दूरी के दोगुनी दूरी पर
(c) अनन्त पर
(d) लेन्स के प्रकाशिक केन्द्र तथा मुख्य फोकस के बीच

17. वाहनों में पीछे के दृश्य को देखने के लिए लगे दर्पण द्वारा आवर्धन
(a) एक से कम होता है (b) एक से अधिक होता है
(c) एक होता है
(d) एक से कम अथवा अधिक हो सकता है। यह इसके सामने रखे बिम्ब की स्थिति पर निर्भर करता है।

18. लोटनिक, स्थैतिक तथा सर्पी घर्षण के कारण बलों को घटते क्रम में व्यवस्थित करें-
(a) लोटनिक, सर्पी, स्थैतिक (b) लोटनिक, स्थैतिक, सर्पी
(c) स्थैतिक, सर्पी, लोटनिक (d) सर्पी, स्थैतिक, लोटनिक

19. निम्नलिखित में से किन परिस्थितियों में हाइड्रोजन गैस के अणुओं के मध्य दूरी बढ़ेगी?
1. बंद पात्र में भरी हाइड्रोजन गैस पर दाब बढ़ाकर
2. कुछ हाइड्रोजन गैस का पात्र से रिसाव होने पर
3. हाइड्रोजन गैस के पात्र का आयतन बढ़ाकर
4. पात्र का आयतन बढ़ाये बिना पात्र में अधिक हाइड्रोजन गैस मिलाने पर

(a) (i) तथा (iii) (b) (i) तथा (iv)
(c) (ii) तथा (iii) (d) (ii) तथा (iv)

20. निम्नलिखित में से रासायनिक परिवर्तन कौन से हैं?
1. लकड़ी का क्षरण 2. लकड़ी का दहन
3. लकड़ी का चीरना
4. लकड़ी के एक टुकड़े में कील ठोंकना

(a) (i) तथा (ii) (b) (ii) तथा (iii)
(c) (iii) तथा (iv) (d) (i) तथा (iv)

21. किसी चुम्बकीय क्षेत्र में रखे धारावाही चाल पर बल अधिकतम कब होता है?
(a) जब विद्युत धारा और चुम्बकीय क्षेत्र की दिशा आपस में समानांतर हो
(b) जब विद्युत धारा और चुम्बकीय क्षेत्र की दिशा आपस में लम्बवत हो
(c) जब विद्युत धारा और चुम्बकीय क्षेत्र की दिशा आपस में 45° पर हो
(d) जब विद्युत धारा और चुम्बकीय क्षेत्र की दिशा आपस में 30° पर हो

22. निम्न में कौन-सा एक साइक्लोएकलेन हैं?
(a) C_3H_8 (b) C_3H_6 (c) C_2H_6 (d) C_4H_{10}

23. किसी गतिमान पिंड के लिए विस्थापन तथा दूरी का आंकिक अनुपात क्या होता है-
(a) सदैव 1 से कम (b) सदैव 1 के बराबर
(c) सदैव 1 से अधिक (d) 1 के बराबर अथवा कम

24. एक वाट = ?
(a) 1 अर्ग प्रति सेकंड (b) 1 पास्कल प्रति सेकंड
(c) 1 मीटर प्रति सेकंड (d) 1 जूल प्रति सेंकड

25. एल्युमिनिमय ऑक्साइड प्रकृति में .... है।
(a) अम्लीय (b) क्षारीय (c) उदासीन (d) उभयधर्मी

26. यदि कोई वस्तु वृत्ताकार पथ में घुमाई जाती है, तो उस पर किया गया कार्य ....।
(a) ऋणात्मक (b) शून्य है
(c) निर्धारित नहीं किया जा सकता है
(d) सकारात्मक है

27. बेरियम क्लोराइड, अमोनियम सल्फेट के साथ अभिक्रिया पर बेरियम सल्फेट तथा अमोनियम क्लोराइड देता है। निम्नलिखित में से कौन अभिक्रिया के प्रकार को सही प्रदर्शित करता है?
1. विस्थापन अभिक्रिया 2. अवक्षेपण अभिक्रिया
3. संयोजन अभिक्रिया 4. द्विविस्थापन अभिक्रिया

(a) केवल (i) (b) केवल (ii)
(c) केवल (iv) (d) (ii) तथा (iv)

28. जब कोई किरणे अवतल दर्पण के फोकस से होते हुए दर्पण पर आपतित होती है तब दर्पण से टकराने के बाद वह किरण से होकर जाती है-
(a) वक्रता केंद्र (b) ध्रुव
(c) मुख्य अक्ष के समानांतर (d) इनमें से कोई नहीं

29. निम्न में से सबसे छोटी इकाई की मेमोरी का नाम बताएँ।
(a) मेगाबाइट (b) जेटाबाइट (c) एक्साबाइट (d) टेराबाइट

30. जब एक एसिड, धातु ऑक्साइड के साथ अभिक्रिया करता है, तो उत्पाद के रूप में .... और .... प्राप्त होते हैं।
(a) लवण, जल (b) अम्ल, जल
(c) क्षार, जल (d) क्षार, अम्ल

31. मधुमक्खी का उपयोग किया जाता है-
(a) सेरीकल्चर में (b) टिशूकल्चर में
(c) एपीकल्चर में (d) पिसीकल्चर में

32. विकास के उत्परिवर्तन सिद्धांत का प्रतिपादन किया था-
(a) हक्सले ने (b) डार्विन ने
(c) लैमार्क ने (d) ह्यूगो डी व्रीज ने

33. निम्न में से कौन-सा तना है?
(a) शलजम (b) अदरक
(c) गाजर (d) शकरकंद

34. कुनैन, सिनकोना पादप के किस भाग में प्राकृतिक रूप से पाई जाती है?
(a) जड़ (b) फल
(c) बीज (d) छाल

35. मछलियों में सामान्यत: श्वसन होता है-
(a) त्वचा द्वारा (b) नाक द्वारा
(c) गलफड़ों द्वारा (d) फिन्स द्वारा

36. जैव कोशिका का कौन-सा भाग पावर हाउस कहलाता है?
(a) कोशिका भित्ति (b) केंद्रक
(c) माइटोकॉन्ड्रिया (d) सम्पूर्ण कोशिका

37. सफेद रक्त कण का मुख्य कार्य है-
(a) ऑक्सीजन ढ़ोना
(b) कार्बन डाइऑक्साइड ढ़ोना
(c) रोग प्रतिरोधक क्षमता धारण करना
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

38. शरीर का तापक्रम नियंत्रित करता है-
(a) थैलेमस (b) हाइपोथैलेमस
(c) सेरैबेलम (d) मेडुला

39. मानव तंत्र में निम्नलिखित में कौन-सी एक पाचक एन्जाइम नहीं हैं?
(a) ट्रिप्सिन (b) गैस्ट्रिन
(c) टायलिन (d) पेप्सिन

40. पौधों में 'फ्लोएम' मुख्यत: उत्तरदायी है-
(a) आहार वहन के लिए
(b) अमीनो अम्ल वहन के लिए
(c) ऑक्सीजन वहन के लिए
(d) जल वहन के लिए

41. दण्डकारण्य क्षेत्र में मुख्यत: पाई जाती है -
(a) काली मिट्टियाँ (b) जलोढ़ मिट्टियाँ
(c) लैटेराइट मिट्टियाँ
(d) लाल और पीली मिट्टियाँ

42. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूटों का प्रयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए :

सूची-I (भौगोलिक लक्षण)	**सूची-II** (भौगोलिक प्रक्रिया का प्रकार)
A. सर्क	1. वायु के अपरदनी लक्षण
B. यारडांग	2. हिमनद्र के निक्षेरपण लक्षण
C. बरखान	3. वायु के निक्षेपण लक्षण
D. Drumlin	4. हिमनद के अपरदनी लक्षण

Code:/कूट :

	A	B	C	D
(a)	4	1	3	2
(b)	4	3	1	2
(c)	2	3	1	4
(d)	2	1	3	4

43. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूटों का प्रयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए :

सूची-I (स्थलाकृति)	**सूची-II** (महाद्वीप)
A. एकांकागुआ	1. आस्ट्रेलिया
B. मेसेटा	2. अफ्रीका
C. सेरेनगेटी मैदान	3. यूरोप
D. गिब्सन डेंजर्ट	4. दक्षिणी
	5. अमेरिका

Code:/कूट :

	A	B	C	D
(a)	3	2	4	1
(b)	2	4	1	3
(c)	4	2	3	1
(d)	4	3	2	1

44. उष्ण कटिबन्धीय चक्रवात 'हरीकेन्स्' के नाम से जाने जाते है-
(a) फिलीपीन्स (b) ऑस्ट्रेलिया में
(c) बंगाल की खाड़ी में (d) वेस्ट इण्डीज में

45. संयुक्त राज्य अमेरिका की डेथ वैली अवस्थित है-
(a) अलास्का राज्य में (b) कैलिफोर्निया राज्य में
(c) मेन राज्य में (d) अटलांटा राज्य में

46. मोहोरोविसिक भंग (असांतत्य) कहाँ अवस्थित है-
(a) पर्पटी और प्रावार के बीच
(b) ऊपरी तथा निचली पर्पटी परतों के बीच
(c) ऊपरी प्रावार तथा निचली प्रावार के बीच
(d) प्रावार और बाह्य क्रोड़ के बीच

47. मानसून का निवर्तन इंगित होता है-
1. साफ आकाश से
2. बंगाल की खाड़ी में अधिक दाब परिस्थिति से
3. स्थल पर तापमान के बढ़ने से
निम्नांकित कूटों से अपना उत्तर चुनें -
(a) केवल 1 (b) 1 एवं 2
(c) 1, 2 एवं 3 (d) 1 एवं 3

48. निम्नांकित में से कौन-सा समुद्र तट पूर्णतया उन्मज्जित है ?
(a) सरकार (b) मालाबार
(c) कोंकण (d) गुजरात

49. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूटों का प्रयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए :

सूची-I (कृषि क्षेत्र)	**सूची-II** (राज्य)
A. दोआब	1. असम
B. चाड़	2. कर्नाटक
C. मैदान	3. पंजाब
D. तराई	4. उत्तर प्रदेश

कूट :

	A	B	C	D		A	B	C	D
(a)	3	2	1	4	(b)	3	1	2	4
(c)	4	1	2	3	(d)	4	2	1	3

50. निम्न में से कौन सा जोड़ा सही नहीं है?
(a) पंजाब हिमालय सिन्धु एवं सतलज नदियों के मध्य
(b) कुमायूँ हिमालय- यमुना एवं काली नदियों के मध्य
(c) नेपाल हिमालय-रावी एवं तिस्ता नदियों के मध्य
(d) असम हिमालय-तिस्ता एवं ब्रह्मपुत्र नदियों के मध्य

51. जब नदियाँ सभी दिशाओं से अपना पानी किसी झील अथवा गर्त में प्रवाहित करती है, जो उस पैटर्न को क्या कहा जाता है?
(a) जालायित (ट्रेलिस) (b) द्रुमाकृतिक (डेंड्रिटिक)
(c) अरीय (रेडियल) (d) अभिकेंद्री (सेंट्रीपीटल)

52. बन्नी घास का मैदान कहाँ स्थित है ?
(a) गुजरात (b) महाराष्ट्र
(c) राजस्थान (d) हिमाचल प्रदेश

53. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूटों का प्रयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए :

सूची-I (पर्यटन स्थल)	सूची-II (राज्य)
A. चकराता	1. असोम
B. हाफ्लांग	2. पश्चिम बंगाल
C. कालिमपोंग	3. उत्तर प्रदेश
D. कुफरी	4. हिमाचल प्रदेश

54. यूरिया के लगातार प्रयोग मे मृदा बन जाती है
(a) निष्प्रभावी (b) अम्लीय
(c) क्षारीय (d) उपर्युक्त में कोई नहीं

55. यायावर चरवाहे 'याकूत' कहाँ के है?
(a) गोबी (b) सहारा (c) टुन्ड्रा (d) कालाहारी

56. खसरा और रूबेला वैक्सीन का नाम बताइए, जिसे वैक्सीन निर्माता इंडियन इम्यूनोलॉजिकल्स (IIL) ने बच्चों के लिए लॉन्च किया है।
(a) माबेला (b) मेरु (c) मारुबे (d) मेबेल

57. सरकार ने .... के लिए आंगनवाड़ी प्रोटोकॉल पर राष्ट्रीय आउटरीच कार्यक्रम शुरू किया।
(a) शैक्षणिक रूप से कमजोर बच्चे
(b) दिव्यांग बच्चे (c) छात्राएं
(d) कुपोषित बच्चे

58. निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?
1. देश के अलग-अलग हिस्सों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।
2. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 15 नवंबर को यात्रा शुरू की।
सही कोड चुनें:
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

59. भारत और कौन सा देश पृथ्वी अवलोकन के लिए संयुक्त माइक्रोवेव रिमोट सेंसिंग उपग्रह ‘निसार’ लॉन्च करेंगे?
(a) रूस (b) इजराइल
(c) यूएसए (d) जर्मनी

60. सरकार ने महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिजों की पहली किश्त की नीलामी शुरू की। इसके बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?
1. नीलामी दो चरणों में ऑनलाइन आयोजित की जाएगी।
2. देश के विभिन्न हिस्सों में फैले महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिजों के बीस ब्लॉकों की नीलामी की जाएगी।
सही कोड चुनें:
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 (d) इनमे से कोई भी नहीं

61. किस देश की नवनिर्वाचित सरकार ने 'धूम्रपान प्रतिबंध' के फैसले को रद्द कर दिया है?
(a) ऑस्ट्रेलिया (b) फ्रांस
(c) नॉर्वे (d) न्यूजीलैंड

62. हिंद महासागर ट्यूना आयोग (IOTC) की डेटा संग्रह और सांख्यिकी (WPDCS19) पर 19वीं वर्किंग पार्टी का उद्घाटन .... में किया गया है।
(a) हैदराबाद (b) चेन्नई
(c) कानपुर (d) मुंबई

63. हेल्थकेयर संचार में उत्कृष्ट योगदान के लिए पीआरएसआई राष्ट्रीय पुरस्कार किसे प्राप्त हुआ?
(a) आकाश कुमार (b) शशिधर जगदीशन
(c) एल.वी. नवनीत (d) सुगंती सुंदरराज

64. चार दुर्लभ बीमारियों के लिए जेनेरिक दवाएं लॉन्च की गई हैं। निम्नलिखित में से कौन सा उनमें से एक नहीं है?
(a) टायरोसिनेमिया-प्रकार 1 (b) विल्सन रोग
(c) गौचर रोग (d) मेपल सिरप मूत्र रोग

65. इस्पात मंत्रालय ने राष्ट्रीय मेटलर्जिस्ट पुरस्कार 2022 प्रदान किया। निम्नलिखित में से किसे लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार प्राप्त हुआ है?
(a) डॉ देबाशीष भट्टाचार्य (b) डॉ. कामाची मुदाली उथांडी
(c) डॉ. रामेश्वर साह (d) डॉ निलोय कुंडू

66. हैमफेस्ट 2023 का उद्घाटन केंद्रीय मंत्री देवुसिंह चौहान ने किस राज्य में किया है?
(a) हरियाणा (b) गुजरात
(c) मध्य प्रदेश (d) नई दिल्ली

67. मार्सिले, स्पेन में अंडालूसिया कोस्टा डेल सोल ओपन में लेडीज यूरोपियन टूर सीजन एंडिंग इवेंट किसने जीता है?
(a) अनिर्बान लाहिड़ी (b) शर्मिला निकोलेट
(c) शुभंकर शर्मा (d) अदिति अशोक

68. 9वां राष्ट्रीय स्तर का प्रदूषण प्रतिक्रिया अभ्यास (NATPOLREX-IX) .... आयोजित किया गया।
(a) भारतीय सेना (b) भारतीय नौसेना
(c) भारतीय तट रक्षक (d) भारतीय वायु सेना द्वारा

69. बुनियादी पशुपालन सांख्यिकी 2023 केंद्रीय मंत्री श्री परषोत्तम रूपाला द्वारा जारी की गई है। इसके बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?

1. 2022-23 के दौरान सबसे अधिक दूध उत्पादक राज्य उत्तर प्रदेश था, जिसकी कुल दूध उत्पादन में हिस्सेदारी 15.72% थी।
2. कुल अंडा उत्पादन में 20.13% हिस्सेदारी के साथ आंध्र प्रदेश सबसे अधिक अंडा उत्पादक है।

सही कोड चुनें:

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 (d) इनमे से कोई भी नहीं

70. एशिया का सबसे बड़ा ओपन-एयर वार्षिक व्यापार मेला बाली यात्रा में शुरू हुआ।

(a) जयपुर (b) कटक
(c) हैदराबाद (d) लखनऊ

71. 22 नवंबर को, आयुर्वेद के क्षेत्र में काम करने वाले चिकित्सकों के लिए .... द्वारा ''आयुर्वेद ज्ञान नैपुण्य पहल'' (।GNI) शुरू की गई है।

(a) होम्योपैथी में अनुसंधान के लिए केंद्रीय परिषद
(b) आयुर्वेदिक विज्ञान में अनुसंधान के लिए केंद्रीय परिषद
(c) जवाहर लाल नेहरू भारतीय चिकित्सा एवं होम्योपैथी अनुसंधान
(d) केंद्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद

72. 2023 का बुकर पुरस्कार उपन्यास 'पैगंबर सॉन्ग' के लिए .... को प्रदान किया गया है।

(a) पॉल लिंच (b) पॉल मरे
(c) कॉनराड लैश्ली (d) पॉल हार्डिंग

73. सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने प्रत्येक वर्ष 26 नवंबर को ''संविधान दिवस'' के रूप में मनाने की घोषणा किस वर्ष की थी?

(a) 2014 (b) 2015
(c) 2016 (d) 2017

74. 22-24 नवंबर तक भारत जल प्रभाव शिखर सम्मेलन (IWIS) का कौन सा संस्करण आयोजित किया गया था?

(a) 9th (b) 7th
(c) 8th (d) 2th

75. 'मिशन दक्ष' किस राज्य सरकार द्वारा शुरू किया जाएगा?

(a) ओडिशा (b) हरियाणा
(c) बिहार (d) उत्तर प्रदेश

76. निम्नलिखित किस स्थल से प्रागैतिहासिक गुफा शैलचित्र मिले है?

(a) बागौर (b) मेहरगढ़
(c) भीमबेटका (d) मस्की

77. निम्नलिखित यात्रियों के भारत आने का सही क्रम कौन-सा है?

(a) फाहियान, कॉस्मॉस, ह्वेनसांग, इत्सिंग
(b) ह्वेनसांग, फाहियान, इत्सिंग, कॉस्मॉस
(c) कॉस्मॉस, फाहियान, ह्वेनसांग, इत्सिंग
(d) इत्सिंग, ह्वेनसांग, कॉस्मॉस, फाहियान

78. निम्नलिखित में से किस संस्कृति को मेलुहा नाम से जाना जाता था?

(a) मिस्र (b) मेसोपोटामिया
(c) सिंधु (d) सुमेरिया

79. बौद्ध धर्म के त्रिपिटको के संदर्भ में निम्नलिखित युग्मो पर विचार कीजिये-

(त्रिपिटक)		(विषय)
1. विनय पिटक	:	दर्शन
2. सुत्त पिटक	:	बुद्ध की शिक्षाएँ
3. अभिधम्म पिटक	:	नियमों का संग्रह

उपर्युक्त युग्मों में से कौन सा/से सुमेलित है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

80. मौर्या के बाद भारतीय उप-महाद्वीप में निम्नलिखित शासक राजवंशों के उत्तराधिकार को कालानुक्रम में व्यवस्थित कीजिये-

1. शुंग 2. कुषाण
3. हिंद-यूनान 4. पार्थियन

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

(a) 3, 1, 4, 2 (b) 1, 4, 1, 2
(c) 1, 3, 4, 2 (d) 1, 3, 2, 4

81. बलबन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

1. यह अपने आपको ईरानी अफरासियाब का वंशज मानता था।
2. इसने सत्ता को शक्तिशाली बनाकर सारी शक्ति अपने हाथों में केंद्रित की।
3. बलबन ने एक सैन्य विभाग दीवान-ए-अर्ज का पुनर्गठन किया।

उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 (d) केवल 1, 2 और 3

82. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिये-

सूची-I (मुगल शासक)	**सूची-II** (संबधित मकबरा)
A. हुमायुँ	1. दिल्ली
B. शेरशाह	2. लाहौर
C. जहाँगीर	3. सासाराम
D. अकबर	4. सिकंदरा

कूट :

	A	B	C	D
(a)	1	2	3	4
(b)	2	3	4	1
(c)	1	3	2	4
(d)	2	1	4	3

83. निम्नलिखित में किस ने ''सुलह-ए कुल'' की नीति अपनाई थी?

(a) निजामुद्दीन औलिया (b) अकबर
(c) जहाँगीर (d) बख्तियार काकी

84. ब्रिटिश द्वारा किस भारतीय राज्य का अधिग्रहण कुशासन के आधार पर किया गया?

(a) झाँसी (b) अवध
(c) मैसूर (d) सतारा

85. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

सूची-I (विद्रोही नेता)	**सूची-II (विद्रोह का केंद्र)**
A. बहादुरशाह द्वितीय	1. लखनऊ
B. बिरजिस कादिर	2. इलाहाबाद
C. कुँवर सिंह	3. दिल्ली
D. लियाकत अली	4. जगदीशपुर

कूट :

	A	B	C	D
(a)	1	2	3	4
(b)	3	1	4	2
(c)	2	3	4	1
(d)	4	3	1	2

86. 'स्वदेशी' और 'बहिष्कार' पहली बार किस घटना के दौरान संघर्ष की विधि के रूप में अपनाए गए थे?
(a) बंगाल विभाजन के विरुद्ध आंदोलन
(b) होरूल आंदोलन
(c) असहयोग आंदोलन
(d) साइमन कमीशन की भारत यात्रा

87. गांधीजी के संघर्ष के संदर्भ में निम्नलिखित पर विचार कीजिये-
1. अहमदाबाद मिल हड़ताल
2. चंपारण सत्याग्रह
3. रॉलेट एक्ट के विरुद्ध अभियान
4. खेड़ा सत्याग्रह

गांधीजी के उपर्युक्त संघर्षों का सही कालानुक्रम निम्नलिखित में से कौन-सा है?
(a) 1, 2, 3, 4 (b) 2, 1, 4, 3
(c) 2, 3, 1, 4 (d) 3, 4, 2, 1

88. इन नेताओं में से किसने भारतीय होमरूल लीग शुरू की?
(a) गोपाल कृष्ण गोखले (b) महात्मा गांधी
(c) बाल गंगाधर तिलक (d) जे.बी. कृपलानी

89. कांग्रेस ने किस/किन गोलमेज सम्मेलन/सम्मेलनो में भाग लिया था?
(a) प्रथम गोलमेज सम्मेलन (b) द्वितीय गोलमेज सम्मेलन
(c) तृतीय गोलमेज सम्मेलन (d) तीनों गोलमेज सम्मेलनों में

90. 'भारत छोड़ो आंदोलन' के संदर्भ में निम्न कथनों पर विचार कीजिये-
1. यह वर्ष 1942 में शुरू हुआ था।
2. आंदोलन के दौरान सतारा में समानान्तर सरकार की स्थापना की गई।
3. जयप्रकाश नारायण आंदोलन के दौरान भूमिगत गतिविधियों का हिस्सा थे।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

91. भारत में योजना अवकाश की अवधि थी-
(a) 1962-65 (b) 1966-69
(c) 1969-72 (d) 1972-75

92. बारहवीं पंचवर्षीय योजना का मुख्य उद्देश्य क्या है?
(a) समावेशी विकास और गरीबी न्यूनीकरण
(b) समावेशी एवं धारणीय विकास
(c) बेरोजगारी घटाने हेतु धारणीय एवं समावेशी विकास
(d) तीव्रतर, धारणीय एवं ज्यादा समावेशी विकास

93. आय का वितरण मापा जाता है-
(a) फिलिप वक्र से (b) लॉरेन्ज वक्र से
(c) मार्शल वक्र से (d) लाफर वक्र से

94. ग्रामीण अवस्थापना विकास फंड हेतु मुख्य वित्त प्रदान करने वाली संस्था है-
(a) भारतीय रिजर्व बैंक (b) नाबार्ड
(c) राज्य सहकारी बैंक (d) लीड बैंक

95. योजना में कोर सेक्टर का तात्पर्य है-
(a) कृषि (b) चयनित आधारभूत उद्योग
(c) रक्षा (d) लोहा एवं इस्पात उद्योग

96. निम्नलिखित में से कौन-सी गतिविधि अर्थव्यवस्था में सेवा-क्षेत्र का भाग नहीं है?
(a) होटल और रेस्तराँ (b) बीमा
(c) विनिर्माण (d) परिवहन

97. मौद्रि नीति का निर्माण भारत में कौन करता है?
(a) सेबी (b) आर.बी. आई
(c) वित्त मंत्रालय (d) योजना आयोग

98. भारत में कौन क्रेडिट रेटिंग एजेंसी है?
(a) क्रिसिल (b) केयर
(c) इक्रा (d) उपरोक्त सभी

99. निम्न करों में से कौन-सा एक कर संघ द्वारा लगाया गया तथा वसूला जाता है, किन्तु संघ तथा राज्यों में बाँटा जाता है?
(a) कार्पोरेशन कर
(b) कृषि आय के अतिरिक्त अन्य पर कर
(c) रेल किराए तथा माल भाड़े पर कर
(d) सीमा शुल्क

100. राउरकेला इस्पात संयंत्र की स्थापना हुई थी
(a) यूनाइटेड किंगडम के सहयोग से
(b) रूस से सहयोग से
(c) संयुक्त राज्य अमेरिका के सहयोग से
(d) जर्मनी के सहयोग से

❑❑❑

KHAN GLOBAL STUDIES
Most Trusted Learning Platform

Download The Khan Global Studies App

GET IN ON Google Play

Download on the App Store

Our Centres

Patna | Delhi | Prayagraj | Jaipur | Dehradun

Visit Us

YouTube | Website | Telegram | Whatsapp

For more informaiton: 8757354880 | enquiry@khanglobalstudies.com